Bareilly, Monday,
25 August 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV TOP

## तरंगिनी में भरतनाट्यम का अद्भुत प्रदर्शन

जासं, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम तरंगिनी कार्यक्रम हुआ, जिसका आरंभ वंदना श्रीकृष्ण गोविंदा से हुआ। इसे भरतनाट्यम के विद्यार्थियों आद्या ग्रोवर, वान्या, मेहर, आद्या गुप्ता, अनिका, अंबिका, अनंशी, अद्विका, चिरन्या, तानिशी, पर्या, बंदगी, राध्या, बाबी, सान्वी, भाव्या, संस्कृति, आद्या काब्रा, सव्या, नीतू, अनुरति ने प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अंगीकम, स्त्रोत अधरम मधुरम, शिव कीर्तनी, स्वागतम कृष्णा, नाग स्तुति और शिव स्तुति पर भी अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। अप्सरा अली की वाद्य प्रस्तुति पर भी भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। भरतनाट्यम गुरु चंद्र मौलि और तनया भट्टाचार्य ने कृष्ण शब्दम को भरतनाट्यम से प्रस्तुत किया। भरतनाट्यम फ्यूजन पर दोनों गुरुओं ने एक साथ मंच साझा कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऊषा गुप्ता, डा. एमएस बुटोला, डा. मनोज टांगड़ी, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. शैलेश आदि मौजूद रहे।